रजिस्ट्री सं. डी० एल०(एन)04/0007/2003-05 REGD. NO. D. L.(N)-04/0007/2003-05

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

साप्ताहिक
WEEKLY

सं० 48] नई दिल्ली, नवम्बर 23—नवम्बर 29, 2003, शनिवार/अग्रहायण 2—अग्रहायण 8, 1925
No. 48] NEW DELHI, NOVEMBER 23—NOVEMBER, 29, 2003, SATURDAY/AGRAHAYANA 2—AGRAHAYANA 8, 1925

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय अधिकारियों (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा विधि के अंतर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण सांविधिक नियम (जिसमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)
General Statutory Rules (Including Orders, Bye-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Minisry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

मंत्रिमंडल सचिवालय

शुद्धिपत्र

नई दिल्ली, 21 नवम्बर, 2003

सा. का. नि. 412.—भारत के राजपत्र भाग II, खण्ड 3, उपखण्ड (i) तारीख 29 जनवरी, 2003 में 163 पृष्ठ पर प्रकाशित भारत सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय की अधिसूचना सा. का. नि. 34 तारीख 9 जनवरी, 2003 के अंत में निम्नलिखित अंत:स्थापित किया जाए :—

''**पाद टिप्पण** :—मूल अधिसूचना सा. का. नि. 447, तारीख 27 फरवरी, 1998 द्वारा प्रकाशित की गई थी और तत्पश्चात् सा. का. नि. 44 तारीख 29 जनवरी, 1999 द्वारा संशोधित की गई।''

[फा. सं. ए-32016/1/83-प्रशा.-I]

सुनील मिश्र, उप सचिव

CABINET SECRETARIAT

CORRIGENDUM

New Delhi, the 21st November, 2003

G.S.R. 412.—In the notification of the Government of India in the Cabinet Secretariat under G.S.R. 34 dated the 9th January 2003 published at page 163 in Part II, Section 3, Sub-section (i) of the Gazette of India dated the 29th January 2003.

"**Footnote.**—The principal notification was published vide G.S.R. 447, dated the 27th February, 1998 and subsequently amended vide G.S.R. 44 dated 29th January 1999".

[File No. A-32016/1/83-Ad. I]

SUNIL MISHRA, Dy. Secy.

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, 10 नवम्बर, 2003

सा. का. नि. 413.—केन्द्रीय सरकार, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल नियम, 2001 के नियम 3, 4, 19 और 20 के साथ पठित केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम, 1968 (1968 का 50) की धारा 22 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में सहायक कमांडेट (कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी) के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ** .—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सहायक कमांडेट (कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी) भर्ती नियम 2003 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद-संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान :**— उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उसका वेतनमान वह होगा, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ 2 से स्तंभ 4 में विनिर्दिष्ट हैं।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं आदि :**— उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (14) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. **आरंभिक गठन :**— इन नियमों के आरंभ की तारीख पर केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में नियमित या दीर्घ निबंधन के आधार पर सहायक कमांडेट (कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी) का पद धारण करने वाले व्यक्ति इन नियमों में उपबंधों के अनुसरण में नियुक्त हुए समझे जाएंगे।

5. **निरर्हता** : वह व्यक्ति —

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित हैं, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह, ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

6. **शिथिल करने की शक्ति** :—जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

7. **व्यावृत्ति** :—इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षणों, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

1. पद का नाम	:	सहायक कमांडेट (कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी)
2. पदों की संख्या	:	45* *(कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है)
3. वर्गीकरण	:	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह "क", राजपत्रित अननुसचिवीय
4. वेतनमान	:	रु. 8000-275-13,500
5. चयन अथवा अचयन पद	:	चयन

6.	सेवा में जोड़े गए वर्षों का फायदा केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के नियम 30 के अधीन अनुज्ञेय है या नहीं	: लागू नहीं होता
7.	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा	: लागू नहीं होता
8.	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए शैक्षिक और अन्य अर्हताएं	: लागू नहीं होता
9.	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं, प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं	: लागू नहीं होता
10.	परीक्षा की अवधि, यदि कोई हो	: प्रोन्नत व्यक्तियों के लिए दो वर्ष।
11.	**भर्ती की पद्धति :** भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति द्वारा या आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले पदों की प्रतिशतता	: सौ प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा
12.	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन किया जाएगा	: प्रोन्नति : (1) अस्सी प्रतिशत ऐसे निरीक्षक (अनुसचिवीय/लेखा) से जिसने उस श्रेणी में तीन वर्ष नियमित सेवा की है और जो किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक परीक्षा या समतुल्य उत्तीर्ण हो और चिकित्सा प्रवर्ग शेप-1 में हैं।) (2) बीस प्रतिशत ऐसे निरीक्षक (आशुलिपिक) से जिसने उस श्रेणी में तीन वर्ष नियमित सेवा की है और जो किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक परीक्षा या समतुल्य उत्तीर्ण हो और चिकित्सा प्रवर्ग शेप-1 में हैं। **टिप्पण 1 :** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक/पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जबकि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक/पात्रता सेवा, अपेक्षिक अर्हक/पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक/पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **टिप्पण 2 :** प्रोन्नति की पात्रता सूची अपनी श्रेणी या पद पर विहित पात्रता सेवा को अधिकारियों द्वारा पूरी करने की तारीख के प्रतिनिर्देश से तैयार की जाएगी।
13.	यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना	: प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए समूह "क" विभागीय प्रोन्नति समिति :— 1. अध्यक्ष या सदस्य, संघ लोक सेवा आयोग—अध्यक्ष 2. उप महानिरीक्षक, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल—सदस्य 3. निदेशक या उप सचिव, गृह मंत्रालय—सदस्य 4. कमांडेंट, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल—सदस्य
14.	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा	: संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक है।

[फाइल सं. ई-32012/1/98/एल एण्ड आर/कार्मिक- II]

श्याम जिंदल, उप सचिव (कार्मिक- I)

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

New Delhi, the 10th November, 2003

G.S.R. 413.—In exercise of the powers conferred by Section 22 of the Central Industrial Security Force Act, 1968 (50 of 1968) read with rules 3, 4, 19 and 20 of the Central Industrial Security Force Rules, 2001, the Central Government hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Assistant Commandant (Junior Administrative Officer) in the Central Industrial Security Force, namely :—

1. **Short title and commencement.**—(1) These rules may be called the Central Industrial Security Force, Assistant Commandant (Junior Administrative Officer), Recruitment Rules, 2003.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of posts, classification and scale of pay.**—The number of posts, classification and scale of pay attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age-limit, qualifications etc.**—The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns (5) to (14) of the said Schedule.

4. **Initial constitution.**—Persons holding the post of Assistant Commandant (Junior Administrative Officer) on a regular or long term basis in the Central Industrial Security Force on the date of commencement of these rules shall be deemed to have been appointed in accordance with the provisions of these rules.

5. **Disqualification—No person.**—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person;

shall be eligible for appointment to the said post :

Provided that the Central Government may if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

6. **Power to relax.**—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any of the class or category of persons.

7. **Savings.**—Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Other Backward Classes, Ex-servicemen and othe special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

1. Name of Post	:	**Assistant Commandant (Junior Administrative Officer)**
2. Number of posts	:	45* (2003) *Subject to variation dependent on work load.
3. Classification	:	General Central Services Group 'A' Gazetted Ministerial
4. Scale of pay	:	Rs. 8000-275-13500
5. Whether selection or non-selection post	:	Selection
6. Whether benefit of added years of service admissible under rule 30 of the Central Civil Services (Pension) Rules, 1972	:	Not applicable
7. Age limit for direct recruits	:	Not applicable

8. Educational and other qualification required for direct recruits	:	Not applicable
9. Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees	:	Not applicable
10. Period of probation, if any	:	2 years for promotees
11. Method of recruitment : Whether by direct recruitment or by promotion or deputation or absorption and percentage of posts to be filled by various methods	:	Hundered per cent by promotion
12. In case of recruitment by promotion or deputation or absorption grades from which promotion or deputation or absorption to be made	:	**Promotion :** (i) Eighty per cent from Inspector (Ministerial/Accounts) with three years' regular service in the grade and having passed matriculation examination from a recognised board or equivalent and being in medical category SHAPE-I. (ii) Twenty per cent from Inspector (Stenographer) with three years' regular service in the grade and having passed matriculation examination from a recognised board or equivalent and being in Medical Category SHAPE-I. **Note 1 :** Where juniors who have completed their qualifying or eligibility service are being considered for promotion, their seniors shall also be considered provided they are not short of the requisite qualifying or eligibility service by more than half of such qualifying or eligibility service or two years, whichever is less, and have successfully completed their probation period for promotion to the next higher grade alongwith their juniors who have already completed such qualifying or eligibility service. **Note 2 :** The eligibility list for promotion shall be prepared with reference to the date of completion by the officers of the prescribed qualifying service in the respective grade or post.
13. If a Departmental Promotion Committee exists what is its composition	:	**Group 'A' Departmental Promotion Committee for Considering promotion :** 1. Chairman or Member, Union Public Service Commission—Chairman 2. Deputy Inspector General, Central Industrial Security Force—Member 3. Director or Deputy Secretary, Ministry of Home Affairs—Member 4. Commandant, Central Industrial Security Force—Member
14. Circumstances in which Union Public Service Commission to be consulted in making recruitment	:	Consultation with Union Public Service Commission necessary.

[File No. E-32012/1/1998/L & R/Pers. II]

SHYAM JINDAL, Dy. Secy. (Pers. I)

नई दिल्ली, 21 नवम्बर, 2003

सा. का. नि. 414.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और असम राइफल्स आशुलिपिक (श्रेणी-1) भर्ती नियम, 1983 को उन बातों के सिवाय अधिक्रान्त करते हुए जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या करने से लोप किया गया है, असम राइफल्स, गृह मंत्रालय में ज्येष्ठ निजी सचिव और आशुलिपिक श्रेणी-1 के पदों पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम असम राइफल्स आशुलिपि (समूह "ख" पद) भर्ती नियम, 2003 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद-संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान :**— उक्त पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण और उनके वेतनमान वे होंगे, जो इन नियमों से उपावद्ध अनुसूची के स्तंभ 2 से स्तंभ 4 में विनिर्दिष्ट हैं।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अन्य अर्हताएं आदि :**— उक्त पदों पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (14) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. **निरर्हता :** वह व्यक्ति —

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित हैं, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह, ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. **शिथिल करने की शक्ति :**—जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. **व्यावृत्ति :**—इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

1.	1	:	ज्येष्ठ निजी सचिव
	2	:	1* (2003) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।
	3	:	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह "ख", राजपत्रित, अनुसचिवीय
	4	:	7500-250-12000 रु.
	5	:	चयन
	6	:	लागू नहीं होता
	7	:	लागू नहीं होता
	8	:	लागू नहीं होता
	9	:	लागू नहीं होता
	10	:	लागू नहीं होता
	11	:	प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा। आशुलिपिक श्रेणी-I (जिसे अब ज्येष्ठ निजी सचिव के रूप में पुनः पदाभिहित किया गया है) के पद के नियमित धारक को 650-1040 रु. के (पूर्व पुनरीक्षित) वेतनमान में इस पद के 7500—12000 रु. के (पुनरीक्षित) वेतनमान में उन्नयन से पूर्व उपयुक्तता, उन्नयित पद पर नियुक्ति के लिए स्तम्भ 13 में उल्लिखित विभागीय प्रोन्नति समिति द्वारा प्रारंभिक रूप से निर्धारित की जाएगी और यदि उसे उपयुक्त निर्धारित किया जाता है तो वह उक्त पद के प्रारंभिक गठन के समय नियुक्त किया गया समझा जाएगा। यदि उसे उन्नयित वेतनमान में नियुक्ति के लिए अनुपयुक्त निर्धारित किया जाता है तो वह 6500—10500 रु. के पुनरीक्षित वेतनमान में बना रहेगा और उसके मामले का प्रत्येक वर्ष पुनर्विलोकन किया जाएगा।
	12	:	**प्रोन्नति :** ऐसा आशुलिपिक श्रेणी-I जिसने उस श्रेणी में सात वर्ष नियमित सेवा की है जिसके न हो सकने पर ऐसा आशुलिपिक श्रेणी-I जिसने आशुलिपिक श्रेणी-I (5500—9000) और 1400—2600 (पूर्व पुनरीक्षित) के पूर्व पुनरीक्षित वेतनमान में आशुलिपिक श्रेणी-II में नौ वर्ष की सम्मिलित नियमित सेवा की हो जिसमें आशुलिपिक श्रेणी-I की श्रेणी में दो वर्ष नियमित सेवा भी है।

टिप्पण : जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक/पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो वहां उनसे ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परन्तु यह तब जब कि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक/पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक/पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक/पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो।

प्रतिनियुक्ति : केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र के अधीन ऐसे अधिकारी—

(क) (i) जो मूल काडर/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हैं, या

(ii) जिन्होंने मूल काडर/विभाग में 5500-9000 रु. या समतुल्य वेतनमान में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात इस श्रेणी में तीन वर्ष सेवा की है, या

(iii) जिन्होंने मूल काडर/विभाग में 6500-10500 रु. या समतुल्य वेतनमान में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात इस श्रेणी में सात वर्ष नियमित सेवा की है, और

(ख) जिनके पास आशुलिपि (हिन्दी/अंग्रेजी) में 100 शब्द प्रति मिनट की गति है।

(पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। प्रतिनियुक्ति/संविदा की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति संविदा की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।)

13 : प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए और उन्नयित वेतनमान में नियोजन के लिए उपयुक्तता निर्धारण के लिए समूह ''ख'' विभागीय प्रोन्नति समिति।

1. उप महानिदेशक, असम राइफल्स—अध्यक्ष
2. निदेशक (प्रशासन), महानिदेशालय असम राइफल्स—सदस्य
3. सहायक निदेशक (प्रशासन), महानिदेशालय असम राइफल्स—सदस्य

14 : जब किसी अधिकारी की प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति करनी हो तब संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक है।

1 : आशुलिपिक श्रेणी-I

2 : 13* (2003) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।

3 : साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह ''ख'', अराजपत्रित, अनुसचिवीय

4 : 5500-175-9000 रु.

5 : अचयन

6 : लागू नहीं होता

7 : लागू नहीं होता

8 : लागू नहीं होता

9 : लागू नहीं होता

10 : लागू नहीं होता

11 : 60 प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा

40 प्रतिशत प्रतिनियुक्ति द्वारा

5500-9000 रु. (पुनरीक्षित) के वेतनमान में इस पद के उन्नयन से पूर्व 1400-2600 रु. (पूर्व पुनरीक्षित) के वेतनमान में आशुलिपिक श्रेणी-II के पद के नियमित धारक की उपयुक्तता, उन्नयित पद पर नियुक्ति के लिए स्तंभ 13 में निर्दिष्ट ''ख''

विभागीय प्रोन्नति समिति द्वारा आरंभिक रूप से निर्धारित की जाएगी। यदि उपयुक्त निर्धारित किया जाता है, तो उक्त पद के आरंभिक गठन के समय नियुक्त किया गया समझा जाएगा। यदि उसे उन्नयित वेतनमान में नियुक्ति के लिए उपयुक्त नहीं पाया जाता है तो वह 5000-8000 रु. के पुनरीक्षित वेतनमान में बना रहेगा और प्रत्येक वर्ष उस मामले का पुनर्विलोकन किया जाएगा।

12 : **प्रोन्नति :** ऐसा आशुलिपिक श्रेणी-III जिसने उस श्रेणी में दस वर्ष नियमित सेवा की है।

टिप्पण : जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होंने अपनी अर्हक/पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो वहां उनसे ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परन्तु यह तब जब कि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक/पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक/पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित, जिन्होंने ऐसी अर्हक/पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है, अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो।

प्रतिनियुक्ति : केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्रों के अधीन ऐसे अधिकारी :

(क) (i) जो मूल काडर/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या

(ii) जिन्होंने मूल काडर/विभाग में 5000-8000 रु. या समतुल्य वेतनमान में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात उस श्रेणी में तीन वर्ष सेवा की है, या

(iii) जिन्होंने मूल काडर/विभाग में 4500-7000 रु. या समतुल्य के वेतनमान में नियुक्ति के पश्चात नियमित आधार पर उस श्रेणी में दस वर्ष सेवा की है, और

(ख) जिनके पास आशुलिपि (हिन्दी/अंग्रेजी) में 100 शब्द प्रति मिनट की गति है।

(पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। प्रतिनियुक्ति/संविदा की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति संविदा की अवधि है, साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।)

13 : समूह "ख" विभागीय प्रोन्नति समिति प्रोन्नति पर विचार करने के संबंध में :

1. उप महानिदेशक, असम राइफल्स—अध्यक्ष
2. निदेशक (प्रशासन), महानिदेशालय असम राइफल्स—सदस्य
3. उप निदेशक (प्रशासन) महानिदेशालय असम राइफल्स—सदस्य
4. सहायक निदेशक (प्रशासन), महानिदेशालय असम राइफल्स—सदस्य

14 : किसी अधिकारी की प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त करते समय संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक है।

[फा. सं. I-45028/62/94-पा. II/कार्मिक- III (i)]

डी. एस. मिश्रा, निदेशक (का.)

New Delhi, the 21st November, 2003

G.S.R. 414.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, and in supercession of the Assam Rifles Stenographer (Grade I) Recruitment Rules, 1983, except as respects things done or omitted to be done before such supercession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the posts of Senior Private Secretary and Stenographer Grade I in the Ministry of Home Affairs, Assam Rifles, namely :—

1. Short Title and Commencement.—(1) These rules may be called the Assam Rifles Stenographer (Group 'B' Posts) Recruitment Rules, 2003.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Number of Posts, Classification and scale of pay.—The number of the said posts, their classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. Method of recruitment, age limit and other qualification.—The method of recruitment to the said posts, age limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns (5) to (14) of the said Schedule.

4. Disqualification—No person,

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person;

shall be eligible for appointment to the said posts;

Provided that the Central Government may if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to relax.—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order and for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. Saving.—Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Other Backward Classes, Ex-servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

1. 1 : Senior Private Secretary

2 : 1* (2003) *subject to variation dependent on workload.

3 : General Central Service Group 'B' (Gazetted, Ministerial)

4 : Rs. 7500-250-12000

5 : Selection

6 : Not applicable

7 : Not applicable

8 : Not applicable

9 : Not applicable

10 : Not applicable

11 : By promotion failing which by deputation.

The suitability of the regular holder of the post of Stenographer Grade I (since redesignated as Senior Private Secretary) in the pay scale of Rs. 650-1040 (Pre-revised) prior to upgradation of this post in the scale of Rs. 7500-12000 (revised) shall be initially assessed by the Departmental Promotion Committee mentioned in column 13 for appointment to the upgraded post, and if assesed suitable, he shall be deemed to have been appointed at the initial constitution of the post. If assessed not suitable for appointment to the upgraded scale of pay he shall continue to be in the revised scale of Rs. 6500-10500 and his case would be reviewed every year.

12 : **Promotion :** Stenographer Grade I with seven years regular service in the grade failing which combined regular service of nine years as Stenographer Grade-I (Rs. 5500-9000) and Stenographer Grade-II in the pre-revised pay scale of Rs. 1400-2600 (pre-revised) including two years regular service in the Grade of Stenographer Grade-I.

Note : Where juniors who have completed their qualifying or eligibility service are being considered for promotion, their seniors shall also be considered provided they are not short of the requisite qualifying or eligibility service by more than half of such qualifying or eligibility service or two years, whichever is less, and have successfully completed their probation period for promotion to the next higher grade alongwith their juniors who have already completed such qualifying or eligibility service.

Deputation : Officers under the Central Government and State Government/Union Territories :

(a) (i) holding analogous post on regular basis in the parent cadre/department ; or

(ii) with three years service in the grade rendered after appointment thereto on regular basis in post in the scale of pay of Rs. 5500-9000 or equivalent in the parent cadre/department; or

(iii) with seven years service in the grade rendered after appointment thereto on regular basis in post in the scale of pay of Rs. 6500-10500 or equivalent in the parent cadre/department; and

(b) Possessing a speed of 100 words per minutes in stenography (Hindi/English). (The departmental officers in the feeder category who are in the direct line of promotion shall not be eligible for consideration for appointment on deputation. Similarly deputationist shall not be eligible for consideration for appointment by promotion. Period of deputation including period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation/department of the Central Government shall ordinarily not exceed three years. The maximum age limit for appointment by deputation shall be not exceeding 56 years as on the closing date of the receipt of applications).

13 : Group 'B' Departmental Promotion Committee for considering promotion and assesssing suitability for placement in upgraded scale of pay, consisting of :—

1. Deputy Director General Assam Rifles—Chairman
2. Director (Administration)
Directorate General Assam Refiles—Member
3. Assistant Director (Administration) Directorate General Assam Rifles—Member

14 : Consultation with Union Public Service Commission necessary while appointing an officer on deputation.

2. 1 : Stenographer Grade-I

2 : 13* (2003) *subject to variation dependent on workload.

3 : General Central Service Group 'B' (Non-Gazetted, Ministerial)

4 : Rs. 5500-175-9000

5 : Non-Selection

6 : Not applicable

7 : Not applicable

8 : Not applicable

9 : Not applicable

10 : Two years for promotees

11 : 60.00% by promotion

40.00% by deputation

The suitability of the regular holder of the post of Stenographer Grade-II in the pay scale of Rs. 1400-2600 (pre-revised) prior to upgradation of this post in the scale of Rs. 5500-9000 (revised) shall be initially assessed by the Group 'B' Departmental Promotion Committee mentioned in column 13 for appointment to the upgraded post. If assesed suitable, he shall be deemed to have been appointed at the initial constitution of the post. If assessed not suitable for appointment to the upgraded scale of pay he shall continue to be in the revised scale of Rs. 5000-8000 and his case would be reviewed every year.

12 : **Promotion :** Stenographer Grade-III with 10 years' regular service in the grade.

Note : Where juniors who have completed their qualifying or eligibility service are being considered for promotion, their seniors shall also be considered provided they are not short of the requisite qualifying or eligibility service by more than half of such qualifying or eligibility service or two years, whichever is less, and have successfully completed their probation period for promotion to the next higher grade alongwith their juniors who have already completed such qualifying or eligibility service.

Deputation :

Officers under the Central Government and State Government/Union Territories :

(a) (i) holding analogous post on regular basis in the parent cadre/department ; or

(ii) with three years' service in the grade rendered after appointment thereto on regular basis in the scale of pay of Rs. 5000-8000 or equivalent in the parent cadre/department; OR

(iii) with six years' service in the grade rendered after appointment thereto on regular basis in the scale of pay of Rs. 4500-7000 or equivalent in the parent cadre/department; OR

(iv) with ten years' service in the grade rendered after appointment thereto on regular basis in the scale of pay of Rs. 4000-6000 or equivalent in the parent cadre/department; and

(b) Possessing a speed of 100 words per minute in stenography (Hindi/English). (The departmental officers in the feeder category who are in the direct line of promotion shall not be eligible for consideration for appointment on deputation. Similarly deputationist shall not be eligible for consideration for appointment by promotion. Period of deputation including period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation/department of the Central Government shall ordinarily not exceed three years. The maximum age limit for appointment by deputation shall be not exceeding 56 years as on the closing date of the receipt of applications).

13 : Group 'B' Departmental Promotion Committee considering promotion consisting of :—

1. Deputy Director General Assam Rifles—Chairman
2. Director (Administration), Directorate General Assam Rifles—Member
3. Deputy Director (Administration) Directorate General Assam Rifles—Member
4. Assistant Director (Administration) Directorate General Assam Rifles—Member

14 : Consultation with Union Public Service Commission necessary while appointing an officer on deputation.

[File No. I. 45028/62/94-Pers. II/Pers. III(i)]

D.S. MISHRA, Director (Pers.)

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

नई दिल्ली, 21 नवम्बर, 2003

सा. का. नि. 415.—राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अखिल भारतीय स्वास्थ्य विज्ञान एवं जन स्वास्थ्य संस्थान, कोलकाता में (श्रेणी 1 और श्रेणी 2 के पद) नियमावली, 1975 को, जहां तक उनका संबंध सहायक अनुसंधान अधिकारी (बायोलाजिस्ट) के पद से है, उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, अखिल भारतीय स्वास्थ्य विज्ञान एवं जन स्वास्थ्य संस्थान, कोलकाता में सहायक अनुसंधान अधिकारी (जीव विज्ञानी) के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम अखिल भारतीय स्वास्थ्य विज्ञान एवं जन स्वास्थ्य संस्थान कोलकाता, सहायक अनुसंधान अधिकारी (जीव विज्ञानी) (समूह "ख" राजपत्रित) भर्ती नियम, 2003 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. पद संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान :— उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उसका वेतनमान वह होगा, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ 2 से स्तंभ 4 में विनिर्दिष्ट हैं।

3. भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा और अर्हताएं आदि :— उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ 5 से स्तंभ 14 में विनिर्दिष्ट हैं।

4. निरर्हता : वह व्यक्ति —

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित हैं, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह, ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. **शिथिल करने की शक्ति :**—जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. **व्यावृत्ति :**—इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

1.	पद का नाम	: सहायक अनुसंधान अधिकारी (जीवविज्ञानी)
2.	पदों की संख्या	: 01* (2003) *(कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है)
3.	वर्गीकरण	: साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह "ख" राजपत्रित, अननुसचिवीय
4.	वेतनमान	: रु. 6500-200-10500
5.	योग्यता के आधार पर चयन या चयन-सह-ज्येष्ठता अथवा अचयन	: लागू नहीं होता
6.	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा	: 30 वर्ष से अधिक नहीं। (केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए 5 वर्ष तक शिथिल की जा सकती है।) **टिप्पण :** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चम्बा जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है।)
7.	सेवा में जोड़े गए वर्षों का फायदा केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के नियम 30 के अधीन अनुज्ञेय है या नहीं	: लागू नहीं होता
8.	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं	: **आवश्यक :** (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से जीव विज्ञान अथवा प्राणि विज्ञान में मास्टर डिग्री या समतुल्य; (ii) अध्यापन/अनुसंधान में दो वर्ष का अनुभव। **टिप्पण 1 :** अर्हताएं, अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती हैं। **टिप्पण 2 :** अनुभव संबंधी अर्हता (अर्हताएं) संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में तब शिथिल की जा सकती हैं जब चयन के किसी प्रक्रम पर संघ लोक सेवा आयोग की यह राय है कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की सम्भावना नहीं है।
9.	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं, प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं	: लागू नहीं होता

10. परिवीक्षा की अवधि : सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए दो वर्ष।

11. भर्ती की पद्धति : भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले पदों की प्रतिशतता : प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) द्वारा जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा।

12. प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन किया जाएगा : **प्रतिनियुक्ति : (जिसके अंतर्गत अल्पावधि संविदा भी है)**
केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों/मान्यता प्राप्त संस्थाओं/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/अर्ध सरकारी स्वायत्तशासी या सांविधिक संगठनों के अधीन ऐसे अधिकारी —

(क) (i) जो मूल काडर/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं, या

